बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

कार्यालय - होशंगाबाद मार्ग, भोपाल - ४६२ ०२६

क्रमांक : 1116 /परीक्षा/16 भोपाल, दिनांक : 09/9/2016

अधिसूचना – (ऑफलाईन)

(सत्र 2012–13 के प्रवेशित छात्र एम.डी/एम.एस.(आयुर्वेद) अंतिम वर्ष अक्टूबर–नवम्बर–2016 में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्रों हेतु परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथियां निम्नानुसार रहेगीः–

1. सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र प्राप्त करने हेत – दिनांक 13.09.16 से 19.09.16 तक
3. विलंब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने हेतु – दिनांक 20.09.16 से 21.09.16 तक
4. महाविद्यालय द्वारा उक्त प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करने हेतु – दिनांक 22.09.2016

नोट– सामान्य शुल्क के साथ का बैंक ड्राफ्ट दिनांक 19/09/16 एवं विलम्ब शुल्क के साथ बैंक ड्राफ्ट दिनांक 21/09/16 का बना होना चाहिए। उक्त तिथियों के पश्चात विशेष विलंब शुल्क देय होगा। आवेदन पत्र सूचीबद्ध करते हुए सूची की तीन प्रतियों में निम्नलिखत दस्तावेजों के साथ ही प्रस्तुत किये जावें ।

(1) अर्हतादायी परीक्षा की अंकसूची की महाविद्यालय द्वारा सत्यापित प्रति (हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री (10+2) अंकसूचियों की सत्यापित प्रति भी संलग्न करना अनिवार्य है) (2) विवाह उपरांत नाम परिवर्तन हेतु प्रथम श्रेणी न्यायाधीस द्वारा जारी मूल शपथ पत्र एवं शुल्क रू. 165/– (केवल "महिला" छात्रा हेतु) (3) अकादमी शाखा से जारी वर्तमान सत्र के संबद्धता प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति (4) अकादमी शाखा एवं भंडार शाखा का अदेय/अमांग प्रमाण–पत्र भी प्रस्तुत किया जावे अन्यथा स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जा सकेंगे।

विशेष नोटः– द्वितीय,तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष के परीक्षा आवेदन पत्रों के साथ क्रमशः प्रथम,द्वितीय,तृतीय वर्षो की संपूर्ण अंकसूचियों की सत्यापित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है। अन्यथा समस्त अंकसूचियों की सत्यापित प्रति संलग्न नहीं होने की स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझें, जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व छात्र एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य व प्रबंधन का होगा।

उक्त कार्यक्रम के अनुसार संबंधित महाविद्यालय निर्धारित परीक्षा शुल्क छात्रों से परीक्षा शुल्क महाविद्यालय में जमा करवाकर कक्षावार किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक से डिमाण्ड ड्राफ्ट बनाकर जो कि कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से देय होगा। परीक्षा आवेदन–पत्र उक्त समस्त संलग्नकों की सूची में सम्मिलित करते हुये, सूची की तीन प्रतियों के साथ निर्धारित समयावधि में विश्वविद्यालय में जमा करें तथा निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त कोई भी परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित न करें। सूची की एम.एस. एक्सल में प्रविष्टि कर, सी.डी. भी जमा करें। सी.डी. का फार्मेट विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.bubhopal.nic.in** पर उपलब्ध है।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

पृ. क्रमांक 1117 /परीक्षा/16 भोपाल, दिनांक : 09/9/2016

प्रतिलिपि –

1– प्राचार्य समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2– उप–कुलसचिव, गोपनीय/अकादमी/भंडार की ओर उचित कार्यवाही हेतु ।
3– कुलपति के सचिव के माध्यम से कुलपतिजी के सूचनार्थ ।
4– कुलसचिव के निज सहायक के माध्यम से कुलसचिवजी के सूचनार्थ ।
5– वित्त नियंत्रक /कक्ष अधिकारी लेखा/प्रभारी बेवसाइट की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6– अधिष्ठातां, छात्र कल्याण/जनसंपर्क कक्ष/परीक्षा नियंत्रण/प्रभारी, स्वागत् एवं पूछताछ कक्ष।
7– सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार की ओर सादर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

उपकुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

D:\NILAY\adhisuchana\medical\MPT I AND II MAY JUNE 2010.doc